DoIT.C
Department of Information Technology & Communication, Rajasthan

# राजस्थान सरकार
# सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## <u>सूचना सहायक भर्ती 2023</u>

**<u>ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फार्म</u>** <u>(Scrutiny Form)</u> **<u>के सामान्य दिशा निर्देश</u>**

सूचीबद्ध सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **<u>ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा</u>** फार्म दिनांक **<u>17.10.2024 से 23.10.2024</u>** तक खोला जाएगा। **<u>ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा</u>** फार्म के साथ मूल दस्तावेज को ऑनलाईन आवश्यक रूप से अपलोड किये जाने है तथा अभ्यर्थियो द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान भी ऑनलाईन ही किया जाएगा।

अभ्यर्थी ऑनलाईन विस्तृत आवेदन के साथ निम्नलिखित आवश्यक मूल दस्तावेज को ही स्केन करवाकर रंगीन स्केन्ड दस्तावेंज ही अपलोड करना सुनिश्चित करें:– *<u>(नोटः ई–मित्र कियोस्क द्वारा गलत सूचना/दस्तावेज अपलोड किये जाने की स्थिति में यदि आवेदक की पात्रता प्रभावित होती है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आवेदक/अभ्यर्थी की ही होगी। अतः यह सलाह दी जाती है कि विस्तृत आवेदन</u>* ***<u>Final Submit</u>*** *<u>करने से पूर्व, दर्ज की गयी सूचनाओं एवं अपलोड किये गए दस्तावेजों का मिलान अभ्यर्थी स्वयं कर लें। इसमें बाद में किसी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा।)</u>*

1. **अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र** – सैकण्डरी
2. **अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र** – सीनियर सैकण्डरी
3. **अंकपत्र** – स्नातक (सभी वर्षों/सेमेस्टर की अंक तालिकाएं क्रम से अपलोड की जानी आवश्यक है)
4. **प्रमाणपत्र/उपाधि** – स्नातक
5. **अंकपत्र** – अधिस्नातक (सभी वर्षों/सेमेस्टर की अंक तालिकाएं क्रम से अपलोड की जानी आवश्यक है)
6. **प्रमाणपत्र/उपाधि** – अधिस्नातक
7. **अंकपत्र** – कम्प्यूटर योग्यता संबंधित डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र (मूल विज्ञप्ति की बिन्दु संख्या 06 में अंकितानुसार) (सभी वर्षों/सेमेस्टर की अंक तालिकाएं क्रम से अपलोड की जानी आवश्यक है)
8. **प्रमाणपत्र/उपाधि** – कम्प्यूटर संबंधित डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र (मूल विज्ञप्ति की बिन्दु संख्या 06 में अंकितानुसार)
9. **मूल निवास** (गैर–अनुसूचित क्षेत्र के लिए)/विशेष मूल निवास प्रमाण पत्र (अनुसूचित क्षेत्र के लिए)
10. **जाति प्रमाण पत्र** (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनुसूचित जाति/अनूसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग के लिए अन्य पिछडा वर्ग का प्रमाण पत्र जिसमें अति. पिछडा वर्ग में सम्मिलित जातियों का नाम हो)
11. **अन्य प्रमाण पत्र** – दिव्यांगजन श्रेणी हेतु दिव्यांगता प्रमाण पत्र/उत्कृष्ट खिलाडी हेतु खेल प्रमाण पत्र /विधवा (पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र)/परित्यक्ता (सक्षम न्यायालय द्वारा पारित डिक्री)/ संतान संबंधी शपथ पत्र/भूतपूर्व सैनिक हेतु (पी.पी.ओ. डायरी/एन.ओ.सी.)/राजकीय कर्मचारी (सेवा प्रमाण पत्र व एन.ओ.सी.) एवं चरित्र प्रमाण पत्र (02 राजपत्रित अधिकारियों से सत्यापित)
12. **शपथ पत्र** – जाति प्रमाण पत्र के संबंध में (बोर्ड की वेबसाइट पर Candidate corner में उपलब्ध प्रारूप के अनुसार)(स्टाम्प पर, नोटेरी से सत्यापित)
13. **हस्तलिपि** – (बोर्ड की वेबसाइट पर Candidate corner में उपलब्ध प्रारूप के अनुसार) (स्वयं प्रमाणित)
14. **शपथ पत्र** – उपरोक्त दस्तावेज स्वयं द्वारा जांच कर अपलोड करवाये जाने एवं फर्जी/कूटरचित (forged) दस्तावेज पाये जाने पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के संबंध में शपथ पत्र। (बोर्ड की वेबसाइट पर Candidate corner में उपलब्ध प्रारूप के अनुसार)(स्टाम्प पर, नोटेरी से सत्यापित)

**(संजय जगदीश कर्णिक)**
**संयुक्त सचिव एवं कार्यालयाध्यक्ष**

## सूचना सहायक भर्ती 2023

Scrutiny Form **भरने हेतु ध्यान देने योग्य विशेष बिन्दु –**

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं सूचना सहायक भर्ती परीक्षा 2023 के लिये दिनांक 16.01.2023 को जारी विज्ञापन संख्या 01/2023 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

2. दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थी द्वारा स्व–प्रमाणित शपथ पत्र दिया जाएगा कि ऑनलाईन अपलोड किये गये समस्त दस्तावेज उनकी जानकारी में सही है एवं कूटरचित (forged) नहीं है। सभी दस्तावेज ऑनलाईन उपलब्ध Check List क्रम में ही अपलोड करें। कूटरचित (forged) दस्तावेजों के प्रकरणों में संबंधित विभाग द्वारा अभ्यर्थी के विरूद्ध FIR दर्ज करायी जाएगी।

3. दस्तावेज सत्यापन के समय हस्तलिपि की जांच हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में अभ्यर्थी द्वारा स्वहस्तलिखित पैराग्राफ अपलोड करें। **विस्तृत आवेदन में अपलोड की जाने वाली फोटो एवं आवेदन में अपलोड की गई फोटो समान होनी चाहिए। हस्ताक्षर, आवेदन में किये गये हस्ताक्षर के समान होने चाहिए।**

4. एक पीडीएफ में एक ही (प्रकार का) दस्तावेज क्रम में (अंक तालिका प्रथम, प्रथम की पूरक (यदि हो तो) द्वितीय, तृतीय, ... सेमेस्टर/वर्ष आदि) स्कैन करे। अलग अलग प्रकार के दस्तावेज निर्धारित स्थान पर ही अपलोड करें, गलत विकल्प में गलत दस्तावेज अपलोड करने पर आवेदन निरस्त किया जा सकेगा। अभ्यर्थी समस्त दस्तावेज न्यूनतम 500 KB से अधिकतम 2MB (color) size में Flate Scanner/Computer Scanner से रंगीन स्कैन कर pdf अपलोड करें। Black & White/Grayscale/ Blur/Filter लगाए गये अथवा मोबाइल से स्कैन किये गये टेड़े–मेड़े एवं वाटरमार्क तथा ऑनलाईन WebTools का प्रयोग कर Shrink किये गये, अस्पष्ट दस्तावेज के pdf मान्य नही किये जाएंगे। अतः आवेदन में समस्त सूचनाऐं पूर्ण विवेक से सोच समझ कर भरें तथा जांच कर दस्तावेज अपलोड करें। अभ्यर्थियों को उक्त में त्रुटि होने पर किसी प्रकार का पत्राचार नही किया जाएगा, ना ही सुधार का अन्य कोई अवसर प्रदान किया जाएगा।

5. ऑनलाईन पोर्टल से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या के लिए बोर्ड के दूरभाष संख्या 0141–2722520 अथवा 2722521 पर संपर्क करें। पात्रता जांच एवं दस्तावेजों के संबंध में विभाग के दूरभाष संख्या 0141–2921303 तथा ईमेल आईडी iaexam2023.doit@rajasthan.gov.in पर सम्पर्क करें। समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि आवेदन पत्र में भरे गये मोबाइल, ईमेल एवं बोर्ड की वेबसाईट httsp://rsmssb.rajasthan.gov.in / https://rssb.rajasthan.gov.in एवं सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की वेबसाईट doitc.rajasthan.gov.in का नियमित अवलोकन करते रहें तथा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन करें। उक्त प्रकिया में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा गलत सूचना/दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने पर पात्रता पर विचार नहीं किया जाएगा। बोर्ड/विभाग द्वारा जारी निर्देशों की पालना के अभाव में यदि किसी भी अभ्यर्थी की पात्रता प्रभावित होती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की ही होगी।

6. समस्त अभ्यर्थियों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि दस्तावेज सत्यापन हेतु संबंधित विभाग द्वारा तिथि घोषित किये जाने की सूचना प्राप्त किये जाने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की वेबसाईट **doitc.rajasthan.gov.in** का निरंतर अवलोकन करते रहें।

**(संजय जगदीश कर्णिक)**
**संयुक्त सचिव एवं कार्यालयाध्यक्ष**